Regarding World Tribal Day

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आज 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर मैं सभी देशवासियों, मेरे प्रदेशवासससियों की जनता को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देती हूँ ।

संघ शासित प्रदेश दादरा एवं नागर हवेली एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है । यहाँ की 70 प्रतिशत जनता आदिवासी समाज से है । यहाँ प्रतिवर्ष आदिवासी जातियों में जागरुकता फैलाने एवं उनके अधिकारों के समर्थन और संरक्षण के लिए हर साल 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाया जाता है । इस दिन का उद्देश्य विश्व के आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा करना है । आदिवासी समाज के अधिकारों को लेकर संयुक्त राष्ट्र सभा द्वारा दिसम्बर, 1994 में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस घोषित किया गया था ।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूँ कि इस दिन आदिवासी समाज के लोग अपने देवी-देवताओं की पूजा करते हैं ।